दिनांक 23.10.2020

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

रास्ते पर गंदगी फैलाकर अवैध रूप से संचालित करने वाले खटाल को निगम की टीम ने किया बेदखल

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से खटाल चलाने वाले के विरुद्ध निगम प्रशासन ने कार्यवाही की। रास्ते पर अवैध रूप से खटाल बनाकर जमीन पर अतिक्रमण करने वाले के खिलाफ आज बेदखली की कार्यवाही की गई। इसके अलावा राधिकानगर में अवैध रूप से स्थापित ठेले को स्थानीय निवासियों की शिकायत पर हटाया गया। निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुुवंशी ने अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। जोन क्रमांक 02 वैशालीनगर क्षेत्र अंतर्गत लोहिया रोड में खटाल संचालक द्वारा अतिक्रमण करने के साथ ही गंदगी फैलाई जा रही थी, थे।

अवैध रूप से रखे हुए ठेले को हटाने की कार्रवाई जोन 01 जोन आयुक्त सुनील अग्रहरि की टीम ने आज राधिकानगर स्थित बालाजी मार्बल के सामने अवैध रूप से रखे हुए ठेले को हटाने की कार्रवाई की! अवैध रूप से ठेले रखे हुए होने की शिकायत आस पास के नागरिकों ने निगम से किया था , शिकायत पर कार्यवाही करते हुए आज ठेले को हटाने की कार्यवाही की गई। कार्रवाई के दौरान राजेश गुप्ता मौजूद रहे!

जनसम्पर्क अधिकारी